अपना सालासर वाला बाबा बड़ा दिल वाला

ये राज दिलो पे करता है सालासर हनुमान मेरा,
भगतो की झोली भरता है मेहंदीपुर हनुमान मेरा,
बजरंग बलि के जैसा ना कोई देव मिलेगा,
तुम जय श्री राम कहोगे ये बेडा पार करेगा,
अपना सालासर वाला बाबा बड़ा दिल वाला,
बजरंगी भगतो का रखवाला मेरा बजरंगबाला

ये शिव जी का अवतारी बाबा बड़ा बलकारी बाबा की महिमा सारे जग से न्यारी रे,
जो भी शरण में आये उसको ये गले लगाए चरण में शीश झुकाये दुनिया सारी रे,
जो माँगा है पाया है जो शरण तेरी आया है ये जग सारा बजरंगी सब तेरी ही माया है,
अपना सालासर वाला बाबा बड़ा दिल वाला,
बजरंगी भगतो का रखवाला मेरा बजरंगबाला

कही मेहंदीपुर वाला कही सालसर वाला कोई कहता तुझे अंजनी का लाला रे,
राम का दीवाना है सरे जग ने जाना है राम की धुन पे बाला है मतवाला रे ,
सीने में राम वसा के श्री राम प्रभु के आगे ये पाँव में घुंगरू बांधे फिर छम छम कर के नाचे ,
अपना सालासर वाला बाबा बड़ा दिल वाला,
बजरंगी भगतो का रखवाला मेरा बजरंगबाला

आजा तू आजा प्यारे बाबा की महिमा गाले सालसार वाले का दरबार निराला रे,
बाबा की किरपा होगी खुशियों की वर्षा होगी खुल जाए गा तेरी किस्मत का ताला रे,
बाबा का दर है सच्चा पल पल ये देता परचा घर घर में जाके देखो है बाला जी की चर्चा,
अपना सालासर वाला बाबा बड़ा दिल वाला,
बजरंगी भगतो का रखवाला मेरा बजरंगबाला

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16492/title/apna-salasar-vala-baba-bda-dil-vala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |